
राम भरोसे

पनागर तहसील में अधिकारियों की लगातार अनुपस्थिति को लेकर आमजनों ने जताया रोष

# साहब हफ्तों से लापता, जनता काट रही चक्कर !



**पनागर, नवभारत।** पनागर तहसील में अधिकारियों की लगातार अनुपस्थिति को लेकर आम नागरिकों, किसानों एवं छात्रों में भारी नाराजगी व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि तहसील कार्यालय में पदस्थ जिम्मेदार अधिकारी अक्सर अपने निर्धारित समय पर उपलब्ध नहीं रहते, जिसके कारण दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों और जरूरतमंदों को घंटों इंतजार करना पड़ता है।

कई मामलों में लोगों को बिना काम हुए ही वापस लौटना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार का कार्यालयीन समय निर्धारित होने के बावजूद कई बार अधिकारी समय पर कार्यालय में उपलब्ध नहीं रहते। इससे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व प्रकरण, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

## छात्रों को हो रही सबसे ज्यादा परेशानी

नागरिकों का कहना है कि वे अपने निजी कार्य और रोजगार छोड़कर तहसील पहुंचते हैं, लेकिन अधिकारियों की अनुपलब्धता के कारण उनका पूरा दिन बर्बाद हो जाता है। सबसे अधिक परेशानी वर्तमान में छात्रों को हो रही है। छात्रों और अभिभावकों का आरोप है कि तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की अनुपस्थिति के कारण ईडब्ल्यीएस का प्रमाण पत्र समय पर जारी नहीं हो पा रहे हैं। प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए यह प्रमाण पत्र आवश्यक है, लेकिन लंबित प्रकरणों के कारण अनेक छात्र परेशान हैं और समय सीमा निकलने की चिंता में हैं। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन पनागर तहसील में लगातार उठ रहे इन सवालों पर क्या संज्ञान लेता है और आम जनता, किसानों तथा छात्रों को राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

### कलेक्टर से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई

ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों के संबंध में जानकारी लेने पर कभी कोर्ट में होने, कभी बैठक में शामिल होने या अन्य प्रशासनिक कार्यों में व्यस्त होने की जानकारी दी जाती है। इससे आमजन के बीच यह सवाल उठ रहा है कि यदि अधिकारी अपने निर्धारित कार्यालय में पर्याप्त समय नहीं देंगे तो जनता के दैनिक और आवश्यक कार्य समय पर कैसे संपन्न होंगे। नागरिकों ने यह भी सवाल उठाया है कि शासन द्वारा प्रोटोकॉल संबंधी व्यवस्थाओं के लिए अलग अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की जाती है, फिर तहसीलदार स्वयं प्रोटोकॉल संबंधी गतिविधियों में इतना समय क्यों व्यतीत कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि अधिकांश समय बाहरी कार्यक्रमों और प्रोटोकॉल में ही व्यतीत होगा तो तहसील में लंबित राजस्व प्रकरणों, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं जनसुनवाई जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का निराकरण प्रभावित होना स्वाभाविक है। अधिवक्ताओं के द्वारा कलेक्टर साहब को भी शिकायत दी है लेकिन इसकी अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है जनता का कहना है कि शासन अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के समाधान और प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए वेतन देता है, इसलिए समय पर और सुगम सेवाएं प्राप्त करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पनागर तहसील में अधिकारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, कार्यालयीन समय का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर जनता को राहत प्रदान की जाए।

## तहसीलदार का मोबाइल मिला बंद

तहसीलदार गौरव पांडे का पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल नंबर पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका मोबाइल फोन बंद मिला। इस कारण इस संबंध में उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।'

## अनुविभागीय अधिकारी ने नहीं रिसीव किया कॉल

जब इस संबंध में पक्ष जानने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने भी दूरी बना ली। मामले की गंभीरता को लेकर उन्हें बार-बार कॉल किया गया और लिखित मैसेज भी भेजा गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनकी ओर से कोई जवाब नहीं आया और न ही उन्होंने कॉल रिसीव किया।

## अभी मैं अवकाश पर हूं : सुनीता मिश्रा

जब इस संबंध में नायब तहसीलदार सुनीता मिश्रा से मोबाइल फोन पर संपर्क किया गया। तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वे वर्तमान में अवकाश पर हैं। हालांकि, पूरी जानकारी साझा किए जाने से पहले ही कॉल समाप्त हो जाने के कारण इस संबंध में उनका विस्तृत पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

**इनका कहना है**

गैर-न्यायिक कार्यों में प्रोटोकॉल आदि की जो भी ड्यूटियां लगती हैं, उसमें उनका कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

**सरफराज अली, प्रोटोकॉल ऑफिसर**

डिजिलाइजेशन की ओर बढ़ते कदम

# अब एक जुलाई से ऑनलाइन जमा होंगे टैक्स

**सिहोरा, नवभारत।** जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गोसलपुर के सरपंच सचिव द्वारा शासन के नियम और निर्देशों के परिपालन में एवं कर प्रणाली को पारदर्शी व सशक्त बनाने व सरल बनाने के मकसद से आगामी एक जुलाई 2026 से ग्राम पंचायत गोसलपुर के अंतर्गत समस्त प्रकार के टैक्स कर जैसे, जलकर, मकान कर, सफाई कर दुकान कर, ग्राउंड कर बाजार कर प्रकाश कर साहूकारी कर इत्यादि अनेक प्रकार के करों का भुगतान अब सीधे ऑनलाइन सिस्टम से होगा ऑफलाइन टैक्स पूर्णता बंद कर दिया जाएगा।

सचिव प्रदीप यादव ने बताया की यह व्यवस्था से जहां एक ओर आम नागरिकों को सहजता होगी वहीं ग्राम पंचायत द्वारा लोगों से बसूले जाने वाले करों में पारदर्शिता प्रदर्शित होगी, वहीं घपले घोटाले में रोक के साथ ही देश के प्रधानमंत्री के मिशन डिजिटल इंडिया विजन में यह कदम कारगर साबित होगा, इस पहल की लोगो ने तारीफ की है।

# नियमों की अनदेखी कर हो रहा अवैध निर्माण

भड़के वार्ड-13 वार्डवासी, सीएमओ को सौंपा शिकायती पत्र



**मझौली, नवभारत, जबलपुर।** नगर परिषद मझौली के वार्ड क्रमांक 13 (बेहेर के पास) में इन दिनों नियमों की धज्जियां उड़ाकर निमार्ण कार्य किया जा रहा है, यह अवैध निर्माण स्थानीय निवासियों के लिए जी का जंजाल बन चुका है। बिना किसी प्रशासनिक अनुमति और नगरीय निकाय के नियमों के विरुद्ध किए जा रहे इस निर्माण कार्य को लेकर आज वार्डवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और निवासियों ने एकजुट होकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद मझौली को एक लिखित शिकायती पत्र सौंपकर अवैध निर्माण को तत्काल ध्वस्त करने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड 13 में भीकम चौरसिया और सचिन चौरसिया द्वारा धड़ल्ले से बिना किसी वैध बिल्डिंग परमिशन के निर्माण कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस दौरान सुगम आवागमन का ध्यान नहीं रखा गया है। इस मनमाने निर्माण के कारण सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध हो रहा है, जिससे रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आक्रोशित वार्डवासियों ने सीएमओ को दिए शिकायती पत्र में साफ कहा है कि इस निर्माण से मोहल्ले की शांति और व्यवस्था भंग हो रही है। शिकायत सौंपने वालों में मुख्य रूप से अमित कुमार, अंशुल, प्रकाश नेमा, मनीष साहू, राजेश कुमार तिवारी, निधि मेहरा, जग्गु झारिया सहित दर्जनों स्थानीय लोग शामिल हैं। वार्डवासियों का कहना है कि यदि प्रशासन ने रसूखदारों के इस अवैध निर्माण पर तत्काल बुलडोजर नहीं चलाया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे। इस पूरे मामले में नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

**इनका कहना है**

वार्ड 13 में बिना अनुमति और नियमों के विरुद्ध सार्वजनिक मार्ग को प्रभावित कर अवैध निर्माण किया जा रहा है। हमने सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और तत्काल निर्माण हटाने की मांग की है।

**अमित साहू, पीड़ित वार्डवासी**

# जिम्मेदारों की अनदेखी से चोपड़ा जलाशय बदहाल



ऐतिहासिक धरोहर अपना अस्तित्व खोने की कगार पर

**सिहोरा, नवभारत।** शहर का एकमात्र राष्ट्रीय जल संवर्धन पुरस्कार प्राप्त जलाशय, वार्ड नंबर 6 स्थित चोपड़ा जलाशय आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाता नजर आ रहा है। कभी जल संरक्षण और सौंदर्य का प्रतीक रहा यह जलाशय अब गंदगी, कचरे और उपेक्षा का शिकार हो चुका है।

जलाशय की सीढ़ियों पर फैली गंदगी, जमा कचरा और बदरंग होती दीवारें साफ तौर पर प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती हैं। नीचे जमा गंदा पानी और आसपास फैली अव्यवस्था न केवल इसकी सुंदरता को खत्म कर रही है, बल्कि यह क्षेत्रीय लोगों के लिए भी चिंता का विषय बन चुका है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस जलाशय को कभी शहर की शान माना जाता था, लेकिन अब इसकी स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। नियमित सफाई और रखरखाव के अभाव में यह ऐतिहासिक धरोहर अपना अस्तित्व खोने की कगार पर पहुंच गई है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस जलाशय की सफाई, मरम्मत और संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि इसकी पुरानी पहचान और गौरव वापस लौट सके।

# प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण में समाज की भागीदारी जरूरी : अग्निहोत्री

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ने किया जल चौपाल, पौधरोपण एवं बाबड़ी पूजन का आयोजन



**सिहोरा, नवभारत।** गोसलपुर के निकट जुझारी ग्राम में स्थित प्राचीन बावड़ी जो कि बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी थी, इस बावड़ी का जनसेवा समिति के अध्यक्ष हेमचंद असाटी ने जन सहभागिता के माध्यम से बावड़ी के साफ सफाई, रंग रोगन, गहरीकरण का काम कराया इस बाबड़ी के कायाकल्प के पश्चात मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ब्लाक के जुझारी गांव के हनुमान मंदिर मे जल चौपाल, बाबड़ी पूजन पौधारोपण का कार्यक्रम हनुमान मंदिर पर बुधवार को जनपद पंचायत सिहोरा की अध्यक्ष रश्मि मनेद्र अग्निहोत्री, जनपद सदस्य अनिल चौधरी, धर्मेंद्र सिंह राजपूत की विशेष मौजूदगी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों महिलाओं और स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष रश्मि अग्निहोत्री ने जल चौपाल को संबोधित करते हुए कहा की जल है तो कल है। हर व्यक्ति को अपनी दैनिक दिनचर्या में जल बचाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने सामुदायिक सहभागिता से जल स्त्रोतों को बचाने पर जोर दिया। उन्होंने प्राचीन जल स्त्रोतों की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा की नदियों तालाब कुआ बाबडी नहर पोखर जलाशय का संरक्षण एव उन्हें स्वच्छ रखना हम समाज की जिम्मेदारी है। वहीं जनपद सदस्य अनिल चौधरी, धमेन्द सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'जल गंगा संवर्धन योजना' के तहत क्षेत्र भर के प्राचीन जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित किया जा रहा है उन्होंने युवाओं समेत सभी से इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

पौराणिक गौ सेवालय के आशु महाराज ने अपने उद्बोधन में जल को देवतुल्य बताते हुए कहा की नदियों बाबड़ियों तालाबों का संरक्षण हमारी संस्कृति और धार्मिक कर्तव्य का हिस्सा भी है। इस अवसर पर विशेष रूप से जनपद अध्यक्ष रश्मि मनेद्र अग्निहोत्री, अनिल जैन जनपद सदस्य, अनिल चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, ममता चौबे, नर्मदा दुबे, नरेंद्र चौबे, हेमचंद असाटी, दीपक पटेल, दीपक तिवारी, अमित परिहार, राज पटेल, कपिल गर्ग, जितेंद्र चौधरी संजू चौधरी, नरेश तंतुवाय, श्याम सिंह लोधी, राजा दुबे, सल्लू यादव, सरोज पटेल, उषा गोस्वामी, अनीता यादव, संदीप पटेल, घनश्याम कोरी, रवि सेन, अर्पित चौबे, लायक खान, रामसिंह नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात जनपद अध्यक्ष समेत सभी जनप्रतिनिधियों और आम जनमानस ने मिलकर हनुमान वाटिका में पौधा रोपकर पौधे की सुरक्षा का संकल्प लिया एवं हनुमान वाटिका में लगे पौधों की सुरक्षा हेतु पौधा रक्षको को दो बंडल जाली भेंट की गई, कार्यक्रम का संचालन अनिल चौधरी एवं आभार प्रदर्शन नरेश तंतुवाय ने माना।

# रोजगार के साथ उद्यानिकी को मिलेगा बढ़ावा

बजट में छपरी भर्रा से सिमरिया हेतु प्रस्तावित सड़क निर्माण की मांग हुई तेज

**नवभारत, बेलखाडू।** ग्राम भर्रा छपरी अंचलोनी पौड़ी के लोगों में खुशी व्याप्त है, पिछले कई सालों से पौड़ी से सिमरिया ग्राम को जोड़ने हेतु एक पक्की सड़क की माँग को पाटन विधान सभा क्षेत्र के विधायक अजय विश्नोई के प्रयासों से मध्यप्रदेश शासन के लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह ने ग्रामीणों की प्रबल मांग एवं विकास हेतु एक ग्राम से दूसरे ग्राम को पक्की सड़कों से जोड़ने हेतु विकसित ग्रामीण भारत की कल्पना को साकार करने हेतु ग्रामीण सड़कों की सूची में इस सड़क को स्वीकृति दिलाई।

जानकारी अनुसार जिले के पाटन विधान सभा क्षेत्र के छपरी से सिमरिया को पक्की सड़क निर्माण के लिए वर्ष 2026 के बजट में 1.50 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है, बजट में राशि आवंटन होने से क्षेत्र के किसानो की पुरानी मांग की पूर्ति होगी।अब क्षेत्रीय किसानों तथा ग्रामवासियों द्वारा बजट में स्वीकृत सड़क बनने की मांग लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से की जा रही है जिससे वर्तमान तथा भावी पीढ़ी के लिये एक सुलभ पक्की सड़क मिल सके। लंबे अरसे से मांग वाली यह सड़क केमोरी से पौड़ी, अंचलोनी, भर्रा, छपरी से सिमरिया से जुड़ कर रिंग रोड से जबलपुर पडरिया, सहसन, नुनसर, पाटन, भेड़ाघाट शहपुरा से सीधा सड़क सम्पर्क भी यह स्वीकृत मार्ग जोड़ेगा। एक ओर अनेकों ग्रामों को सीधा सड़क मार्ग मिल जायेगा वहीं दूसरी ओर किसानों को तथा आम नागरिको का आवागमन सुगमता से हो सकेगा क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा रोजगार के नए अवसर पैदा होगें साथ ही पशुपालन तथा उद्यानिकी को बढावा मिलेगा।

**यह है क्षेत्रीय लोगों की मांग-** क्षेत्रीय जागरूक नागरिक रामकिशन पटेल, जुगल किशोर पटेल, परमानन्द पटेल, मुकेश पटेल, गोविंद पटेल, रामकुमार तिवारी, यशवंत राजपूत भर्रा, भारत पटेल झगरा, निरंजन चौबे, बिहारी पटेल, जगदेव पटेल, श्रीमती मित्तू शुक्ला छपरी, अनिल तिवारी सिमरिया आदि ने बरसात बाद छपरी से सिमरिया सड़क मार्ग का निर्माणकार्य प्रारम्भ किया जाने की मांग की है ताकि वर्षो पुरानी सड़क निर्माण मांग को पूरी हो सके। पूर्व में स्वीकृत सड़क निर्माण का बोर्ड पौड़ी में लगा दिया है जबकि सड़क नहीं बनी है अब लोगों को पूर्ण भरोसा है कि लोक निर्माण विभाग इस सड़क का निर्माण कर किसानो एवं ग्राम वासियों का सपना साकार करेगा।

# बांधवगढ़ रिजर्व को मिला बेस्ट वाइल्ड लाइफ डेस्टिनेशन का राष्ट्रीय सम्मान



**चिल्हारी नवभारत 24 जून।** विंध्य की वादियों में बसे विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व ने एक बार फिर मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

देश के प्रतिष्ठित इंडिया टुडे टूरिज्म सर्वे एंड अवॉर्ड-2026 में बांधवगढ़ को एडिटर्स चॉइस अवॉर्ड बेस्ट वाइल्ड लाइफ डेस्टिनेशन से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि ने न केवल उमरिया जिले बल्कि पूरे प्रदेश को पर्यटन और वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है। गोवा में आयोजित भव्य समारोह में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने यह सम्मान प्रदान किया।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व वर्षों से वन्यजीव प्रेमियों और प्रकृति पर्यटकों की पहली पसंद रहा है। यहां की हरियाली दुर्लभ वन्यजीव ऐतिहासिक धरोहरें और सफल संरक्षण मॉडल ने इसे वैश्विक पहचान दिलाई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सम्मान क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को नई गति देगा तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि करेगा।

# अस्पताल पहुंचकर मरीजों को बांटे फल

वैश्य समाज ने सेवाभाव के रूप में मनाया पूर्व कैबिनेट मंत्री का जन्मदिन



**पनागर, नवभारत।** वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश संयोजक पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन उमाशंकर गुप्ता का जन्मदिन जबलपुर जिला ग्रामीण इकाई द्वारा हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। वैश्य कार्यालय पनागर में जन्मदिन पर उपस्थित वैश्य भाइयों बहनों ने सेवाभाव के रूप में केक काटकर मनाया। इस अवसर पर उनके स्वस्थ्य रहने के साथ साथ उनके दीर्घायु होने की सभी ने प्रार्थना की तत्पश्चात सभी वैश्य भाई बंधु शासकीय चिकित्सालय पनागर पहुंचे यहां उपस्थित डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ के सहयोग से सभी भारतीय मरीजों को फल वितरण किया एवं उनके स्वास्थ्य एवं मंगल जीवन की कामना की

इस अवसर पर नगर की एकमात्र गौ अस्पताल गौशाला में सभी पशुओं को रोटी और दान स्वरूप चुनी चोकर भी गौ सेवा अस्पताल में प्रदान किया। कार्यक्रम में जिला ग्रामीण अध्यक्ष विमल जैन, जिला महामंत्री मनीषा मोदी, नगर महिला प्रभारी ज्योति जैन,नायक, पूर्व पार्षद विद्यासागर वार्ड तहसील इकाई के अध्यक्ष योगेश केसरवानी, महिला अध्यक्ष नीलू केसरवानी नगर अध्यक्ष अशोक सोनी, महिला नगर अध्यक्ष रजनी सोनी, युवा इकाई के अध्यक्ष ऋषभ जैन, मनीषा मोदी, ज्योति जैन नायक, पूर्व पार्षद चिराग गुप्ता, राजू खजांची, महेश केसरवानी, मनोज चौधरी, मुकेश गुप्ता, खली चुनी संजय चौधरी, कैलाश राय, राजू गुप्ता, पप्पू राय, श्वेता केसरवानी, लक्ष्मी राय, ममता राय पूर्व पार्षद पूनम जी, पूर्व पार्षद विकास मोदी के साथ अनेक वैश्य बंधु भाई बहन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन के आजीवन सदस्य संजय चौधरी को जन्मदिन एवं तहसील इकाई के अध्यक्ष योगेश केसरवानी एवं महिला इकाई की अध्यक्ष नीलू केसरवानी को वैवाहिक वर्षगांठ की बधाई दी।

# स्कूल चलें हम अभियान के तहत बढ़ाया हौसला

स्कूली बच्चों के बीच पहुंचीं जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो



**शहपुरा नवभारत 24 जून।** शासन के मंशानुरूप क्षेत्र में 'स्कूल चलें हम' अभियान पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रियंका आर्मो ने शासकीय अंग्रेजी माध्यम आश्रम शाला शहपुरा एवं नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल ने जनपद माध्यमिक शाला शहपुरा पहुंचकर नव प्रवेशी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। जनपद अध्यक्ष ने अंग्रेजी माध्यम आश्रम शाला पहुंचकर नन्हीं बालिकाओं और स्कूली बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया और उनके उज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन देते हुए अच्छी पढ़ाई करने की प्रेरणा दी।

**एकलव्य विद्यालय में 13 बच्चों के चयन पर दी बधाई-** निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता टीएलएम आर्ट बागवानी और स्वच्छता व्यवस्थाएं देखकर जनपद अध्यक्ष ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से इस बात की सराहना की कि इस वर्ष विद्यालय से कक्षा 5वीं के कुल 15 बच्चों में से 13 बच्चों का चयन प्रतिष्ठित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के लिए हुआ है। इस शानदार उपलब्धि पर उन्होंने पूरे विद्यालय परिवार को टॉफी खिलाकर बधाई दी। जनपद अध्यक्ष ने परिसर में स्वच्छता के उच्च स्तर और बच्चों को खेल-खेल में सिखाने के लिए तैयार किए गए आकर्षक टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) की जमकर तारीफ की एवं बेहतर प्रबंधन के लिए उन्होंने शिक्षकों की पीठ थपथपाई।

**इनकी रही उपस्थिति-** कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक श्रीराम साहू, प्रतिभा मिश्रा, जनशिक्षक अश्विनी कुमार साहू, आश्रम अधीक्षिका रेखा गौलिया, शिक्षिका चंद्ररेखा श्रीवास्तव, यशोदा साहू, शीतल राय, अंशुल सोनी बीएसी लाजवंती जीवनानी अंजू नामदेव सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

आयोजन

कटंगी के प्रज्ञा आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज में फूड प्रोसेसिंग स्किल डेवलपमेंट कोर्स' का हुआ उद्घाटन

# छात्र-छात्राओं को दिया फूड प्रोसेसिंग पर विस्तृत मार्गदर्शन




**कटंगी, जबलपुर।** क्षेत्र के प्रज्ञा आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज कटंगी में अल्पसंख्यक मंत्रालय, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (हस्ष्ठष्ट) और मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से फूड प्रोसेसिंग स्किल डेवलपमेंट कोर्स का शानदार शुभारंभ हुआ। रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने वाले इस विशेष कार्यक्रम में कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि देवेश चौरसिया द्वारा किया गया। इस महत्वपूर्ण सत्र की अध्यक्षता मनीष चौरसिया ने की। कार्यक्रम में के.के. नामदेव और विवेक दुबे बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। प्रज्ञा आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज में संचालित इस कौशल विकास सेंटर की कमान संचालक विवेक दुबे संभाल रहे हैं।

**मुख्य अतिथि ने दिया मार्गदर्शन-** समारोह के दौरान मुख्य अतिथि देवेश चौरसिया ने उपस्थित प्रज्ञा आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को फूड प्रोसेसिंग (खाद्य प्रसंस्करण) के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बच्चों को बताया कि कच्चे कृषि उत्पादों को प्रसंस्कृत करके कैसे उनकी शेल्फ लाइफ (खराब न होने की अवधि) और बाजार मूल्य बढ़ाया जाता है। उन्होंने इस क्षेत्र में स्वरोजगार और उद्योग लगाने की बारीकियों पर भी विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रायोजित यह स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम पूरी तरह रोजगार पर आधारित है। सरकार द्वारा दिए जा रहे इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य युवाओं को हुनरमंद बनाकर सीधे रोजगार से जोड़ना है, जो भविष्य में उनके करियर के लिए बेहद मददगार साबित होगा। सेंटर संचालक विवेक दुबे ने भारी संख्या में आए छात्रों का मार्गदर्शन किया और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।